बिहार सरकार
मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-285
09/07/2022

जम्मू–कश्मीर में अमरनाथ गुफा के पास बादल फटने से हुये हादसे में श्रद्धालुओं की मौत पर मुख्यमंत्री मर्माहत, गहरी शोक संवेदना व्यक्त की

पटना, 09 जुलाई 2022 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने जम्मू–कश्मीर में अमरनाथ गुफा के पास बादल फटने से हुये हादसे में श्रद्धालुओं की हुयी मौत पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है।

मुख्यमंत्री ने अपने शोक संदेश में कहा कि बादल फटने से हुये हादसे में श्रद्धालुओं की मृत्यु अत्यंत दुखद है। इस हादसे में जान गंवाने वाले श्रद्धालुओं के परिजनों के प्रति हमारी गहरी संवेदना है।

मुख्यमंत्री ने इस हादसे में घायल श्रद्धालुओं के शीघ्र स्वस्थ होने की ईश्वर से कामना की है।

******